तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, शनिवार 26 अक्टूबर 2024



10 ग्रामसभा की सहमति बिना वृक्षों की कटाई, भड़के ग्रामीण...






12 किसान संघ ने विभिन्न मांगों पर मुख्यमंत्री के नाम...






## खबर संक्षेप



### मौसम खराब होने पर किसान चिंतित

**राजिम।** दीपावली करीब है और मौसम पिछले दो दिनों से खराब चल रहा है। कभी तेज धूप हो जाता है तो कभी आकाश पर काले बादल छाने लगता है। मौसम के उतार-चढ़ाव को देखकर किसान ऐसे ही चिंतित हो गए है कि यदि बारिश हो गई तो उनका क्या होगा? चूंकि हरहुना किस्म का फसल एक बड़े रकबे में पक कर माथ झुकाए खड़ा हुआ है। क्षेत्र में कटाई भी शुरू हो गई है। किसानों को आशंका हो रहा है कि कहीं मौसम खराबी की वजह से भुरा माहू, कटाव,चाप की बीमारी फसल को न जकड़ ले। बता दें कि इस बार बुड़ेनी, भेण्डरी,बिरोदा, मुड़तराई जैसे दर्जनो गांव के खेतों में चूहा पहुंच गया है जो फसल को तबाह कर रहे हैं। भेण्डरी के किसान प्रीतराम देवांगन, यादराम साहू, मुड़तराई के प्रकाश वर्मा, बिरोदा के भुनेश्वर साहू सहित कईयो गांव के किसान इस बार कीट प्रकोप के अलावा चूहे के आतंक से परेशान हो चुके हैं।

### मुरमुरा में मड़ई मेला 3 नवंबर को

**कोपरा।** समीपस्थ ग्राम मुरमुरा में समस्त ग्रामवासी के सहयोग से 3 नवंबर को मातर उत्सव के पावन अवसर पर मड़ई मेला का आयोजन किया जाएगा। जिसमें ग्रामवासियों ने रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए नवरंग छत्तीसगढ़ी लोक कला नाचा पार्टी माउलीभांठा जिला नुआपड़ा ओडिशा का कार्यक्रम रखा गया है। उक्त जानकारी ग्रामीण युवा सुरेन्द्र कुमार साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम मुरमुरा में पहली बार मातर उत्सव के अवसर पर मड़ई मेला का आयोजन को लेकर ग्रामवासियों में काफी उत्साह देखी जा रही है।

### शराब पीकर घूम रहे व्यक्ति पर कार्रवाई

**महासमुंद।** शराब पीकर सार्वजनिक स्थान पर घूम रहे व्यक्ति पर बसना पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि 24 अक्टूबर को ग्राम पथरला मेन चौक रोड किनारे एक व्यक्ति शराब के नशे में मदमस्त होकर घूम रहा था। जिससे पूछताछ करने पर उसने अपना नाम टीकाराम कोसरिया पिता अमृत लाल कोसरिया (35 साल) तिलकपुर का रहने वाला बताया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 36(च)(1) आबकारी एक्ट का घटित करना पाए जाने पर उसे गिरफ्तार किया गया।

### शहर के अस्थाई पटाखा दुकानों की हुई नीलामी

**महासमुंद।** दीपावली पर्व के लिए शुक्रवार को नपाध्यक्ष सभाकक्ष में अस्थाई पटाखा दुकानों की लॉटरी सिस्टम से नीलामी की गई। उक्त नीलामी से पालिका को कुल 1 लाख 62 हजार रुपए की आय हुई। नगर पालिका के उप अभियंता अमन चंद्राकर की उपस्थिति में अस्थाई पटाखा दुकान के लिए इच्छुक लायसेंसी पटाखा व्यापारियों को लाटरी के माध्यम से दुकानों का आबंटन किया गया। राजस्व प्रभारी दिलीप चंद्राकर ने बताया कि इस वर्ष पटाखा दुकान लगाने के लिए राजस्व शाखा में कुल 55 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें 54 आवेदकों द्वारा शुल्क का भुगतान किया गया। इस वर्ष प्रति दुकान के आबंटन में शुल्क में 500 रुपये की वृद्धि करते हुए 3000 प्रति पटाखा दुकान निर्धारित किया गया था। इससे पालिका को 1 लाख 62 हजार रुपए की आय हुई है। आबंटन के दौरान दिलीप चंद्राकर, सीताराम तेलक, नौशाद बक्श के अलावा राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी व पटाखा व्यपारी उपस्थित रहे।

# लक्ष्य, मेहनत और स्मार्ट पढ़ाई से मिलेगी बोर्ड परीक्षा में सफलता : अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

संयुक्त जिला कार्यालय के कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित कॉफी विद कलेक्टर कार्यक्रम में कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने कक्षा 10वीं और 12वीं के मेधावी विद्यार्थियों से बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए संवाद किया। इस कार्यक्रम का आयोजन गौरव गरियाबंद अभियान के तहत किया गया, जिसमें 61 मेधावी बच्चों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए प्रेरित करना और उन्हें मार्गदर्शन देना था। कलेक्टर ने बच्चों से संवाद करते हुए कहा कि बोर्ड परीक्षा में सफलता के लिए लक्ष्य बनाकर पढ़ाई करें और सही समय-प्रबंधन का पालन करें। और कहा कि सफलता की राह पर आगे बढ़ने के लिए प्रतिदिन की पढ़ाई का टाइम टेबल बनाकर उसका पालन करना चाहिए। बच्चों को सलाह दी गई कि अपनी कमजोरियों को पहचान कर उन पर काम करें और मोबाइल का उपयोग केवल पढ़ाई से संबंधित कार्यों के लिए करें। इस दौरान कलेक्टर ने बच्चों को मोबाइल के सीमित उपयोग की शपथ भी दिलाई।

बच्चों ने उत्सुकता से कलेक्टर से पढ़ाई के घंटे, सिविल सेवा की तैयारी और अन्य करियर संबंधी प्रश्न पूछे, जिनका कलेक्टर ने तन्मयता से उत्तर दिया। उन्होंने सिविल सेवा की तैयारी के लिए समसामयिक घटनाओं से अवगत रहने, नियमित समाचार पत्र पढ़ने, और सामान्य ज्ञान पर ध्यान देने की सलाह दी।

## समय-प्रबंधन, कड़ी मेहनत और सीमित मोबाइल उपयोग से बनेगी सफलता की राह




### मेडिकल और इंजीनियरिंग में सफलता के लिए टिप्स

कार्यक्रम में एनआईटी रायपुर की मेंटर टीम ने भी भाग लिया। जिन्होंने बच्चों को मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं में सफलता के लिए अध्ययन की रणनीतियों पर टिप्स दिए। एनआईटी टीम ने जेईई मेन्स, एडवांस, और नीट परीक्षा की संरचना, पिछले प्रश्नपत्रों के अभ्यास, और समयबद्ध तरीके से सिलेबस पूरा करने के टिप्स साझा किए। इसके अलावा, प्रेजेंटेशन के माध्यम से बोर्ड परीक्षा में अंक बढ़ाने के लिए लिखने की तकनीक, चित्र, हैंडराइटिंग, पॉइंट्स, पैराग्राफ, और उत्तर प्रस्तुतीकरण के बारे में भी समझाया गया। कार्यक्रम में डीईओ एके सारस्वत, डीएमसी केएस नायक, गौरव गरियाबंद अभियान के नोडल अधिकारी श्याम चन्द्राकर, मनोज केला, एनआईटी की मेंटर टीम, जिले के शिक्षक, और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## दहशत : दो दिनों से खोज जारी, नहीं मिला तेंदुए का कोई सुराग

# गरियाबंद में तेंदुए का पहाड़ी से शहर तक दहशत, विभाग ने किया अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

शहर में तेंदुए की दस्तक ने जैसे एक सनसनी फैला दी है। शहर के भीतर तेंदुए का आना और उसकी गतिविधियां, जिसने पूरे इलाके में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। दूसरे दिन भी वन विभाग ने हालात पर काबू पाने के लिए पूरी कोशिशें शुरू कर दी हैं। अधिकारियों का दल लगातार प्रयास कर रहा है, लेकिन तेंदुए का पता लगाना अब तक टेढ़ी खीर साबित हो रहा है। शुक्रवार को गरियाबंद वनमण्डल के डीएफओ लक्ष्मण सिंह और उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के उप निदेशक वरुण जैन और वन विभाग का अमले ने तेंदुए को ट्रैक करने का बीड़ा उठाया। वे चितवा डोंगरी के पहाड़ी इलाके में चढ़ गए, जहां माना जा रहा है कि तेंदुए ने अपना ठिकाना बना लिया है। हालांकि, तमाम कोशिशों के बावजूद न तेंदुए की झलक मिली, न ही उसकी कोई ताजा गतिविधियां। वन विभाग के दिशा-निर्देश पर इलाके में ट्रैक कैमरे लगाए गए हैं, ताकि किसी भी तरह से तेंदुए की गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। दो दिनों से जारी खोज में तेंदुए का कोई नया सुराग नहीं मिला है, लेकिन सावधानी के तौर ▶▶|शेष पेज 10 पर

■ तेंदुए के संभावित प्रभाव वाले क्षेत्रों में लगाए जा रहे पोस्टर






### तलाश जारी

लोगों की सुरक्षा उनकी पहली प्राथमिकता है, लगातार दो दिनों से तेंदुए की तलाश कर रहे हैं, तेंदुए को ट्रेस करने उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र के उप निदेशक वरुण जैन अपनी जान की परवाह किए बगैर चितवा डोंगरी में चढ़ गए। फिलहाल तेंदुए का लेटेस्ट लोकेशन नहीं मिला है।

**-लक्ष्मण सिंह,** डीएफओ

### रात के समय अकेले बाहर न निकले

गौरतलब है कि बीते दिन तेंदुए को नगर पालिका के वार्ड नंबर 1 में देखा गया था। सीसीटीवी कैमरों में कैद उसकी फुटेज ने शहरवासियों में खौफ पैदा कर दिया है। सीसीटीवी फुटेज से पता चला है कि तेंदुए ने इलाके में घूमते हुए आवारा कुत्तों का शिकार भी किया। इस घटना के बाद वन विभाग की टीम ने तेंदुए की मौजूदगी की पुष्टि की और शहरवासियों से अपील की कि वे विशेष रूप से सतर्क रहें। वन विभाग ने लोगों को चेतावनी दी है कि रात के समय बच्चों और बुजुर्गों को अकेले बाहर न निकलने दें। इस बार तेंदुए की मौजूदगी ने गरियाबंद मुख्यालय में सुरक्षा की एक नयी चुनौती खड़ी कर दी है, और वन विभाग की टीम इसे काबू में करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है।



## सूची पर नाम फिर भी ईश्वर लाल पीएम आवास से वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने के लिए नगर का पात्र हितग्राही चार वर्ष से पट्टा के लिए भटक रहा है। एवं लगातार कार्यालय के संपर्क में है लेकिन अभी अधिकारी को उसके प्रकरण के निराकरण के लिए समय नहीं मिला है। राजीव गांधी आश्रय योजना पट्टा वितरण के लिए वर्ष 2020 में नगर में सर्वे कराया गया। सर्वे के पश्चात पात्र, अपात्र सूची जारी हुई जिसमें वार्ड क्रमांक 4 निवासी ईश्वर लाल सिन्हा पिता रूपसिंह सिन्हा का नाम भी पात्र सूची में था। नगर में सबको पट्टा वितरण हो गया लेकिन ईश्वर लाल सिन्हा को पट्टा नहीं मिला। इस बाबत ईश्वर लाल सिन्हा ने तहसील ऑफिस से गुहार लगाई कोई सुनवाई नहीं हुआ। उसके बाद कलेक्टर जनदर्शन में गुहार लगाने पर छुरा अनुविभागीय अधिकारी द्वारा तहसीलदार को जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने कहा गया। पटवारी एवं नगर पंचायत द्वारा जांच प्रतिवेदन बनवा कर पंचनामा बना कर ईश्वर लाल सिन्हा को पात्र पाया लेकिन उसके बावजूद भी तात्कालिक अनुविभागीय अधिकारी भूपेंद्र साहू द्वारा निरंतर पट्टा देने के बात को कह कर घुमाया गया। लेकिन पट्टा नही दिया। फिर अनुविभागीय अधिकारी भूपेंद्र साहू का स्थानांतरण हो गया। नए अनुविभागीय अधिकारी के आने के बाद फिर ईश्वर लाल सिन्हा ने कलेक्ट्रेट जनदर्शन में फिर आवेदन लगाया, फिर भी आज पर्यंत 4 वर्ष बीत जाने के पश्चात भी आज तक उसे पट्टा नहीं मिला है। ईश्वर लाल सिन्हा अति गरीब व्यक्ति हैं उसका मकान भी कच्चा एवं जर्जर है जिसके लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए ईश्वर लाल सिन्हा द्वारा आवेदन करने पर उन्हें पट्टा नहीं है करके हर बार उनका आवेदन वापस कर दिया जाता है। इसके लिए ईश्वर लाल सिन्हा द्वारा 4 बार विधायक निवास तथा 2 बार छुरा के विधायक जन दर्शन तथा राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा के निवास में भी अर्जी लगाई। लेकिन आज तक कोई परिणाम नहीं निकला जिससे ईश्वर लाल सिन्हा मानसिक रूप से बहुत परेशान है।

## पुलिस थाने की गतिविधियों से रूबरू हुए कॉलेज के छात्र

# जनता का भरोसा ही है पुलिस की सबसे बड़ी सफलता : थाना प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

शुक्रवार को आईएसबीएम विश्वविद्यालय के कला और मानविकी संकाय तथा विधि संकाय के संयुक्त तत्वावधान में एक शैक्षणिक भ्रमण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के द्वारा विश्वविद्यालय के छात्रों को छुरा पुलिस थाने की गतिविधियों को देखने तथा नागरिक अधिकार एवं जन जागरूकता के लिए किए जा रहे पहल को समझने का अवसर प्राप्त हुआ। स्थानीय समुदाय को पुलिस के द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाओं के साथ ही मोहर्रिर मददगार कक्ष, बन्दी गृह, महिला एवं बाल कक्ष, घटना विवेचन कक्ष के कार्यकलाप तथा गतिविधियों से छात्रों का परिचय हुआ।




इस अवसर पर थाना प्रभारी दिलीप मेश्राम ने कहा कि पुलिस और जनता के बीच सकारात्मक सम्बन्ध होता है। जनता का भरोसा ही पुलिस की सबसे बड़ी सफलता है। आज नए दौर में अपराध करने के तरीके भी बदल गए हैं। आज की सबसे बड़ी चुनौती है साइबर सुरक्षा। आजकल अश्लील फोटो दिखाकर या कोई फर्जी लिंक भेजकर लोगों से धन उगाही किया जा रहा है। इसलिए सबसे जरूरी बात है कि हम अपनी निजी जानकारियां किसी अनजान को न दें या सोशल साइट्स पर न अपलोड करें। समाज में अपराध कम हो इसके लिए पुलिस समय-समय पर जनता को शिक्षित-प्रशिक्षित भी करती है। अगर हम यह सोचेंगे कि यह मेरा मामला नहीं है तो स्वस्थ्य समाज का निर्माण नही। हो सकता। इस अवसर पर कला एवं मानविकी संकाय के डॉ अश्वनी कुमार साहू ने कहा कि विश्वविद्यालय के स्तर पर छात्रों को जब हम सामाजिक मूल्यों एवं अधिकारों को पढ़ाते हैं तो समाज में होने वाले अपराधों और उसके बाद पुलिस की भूमिका को समझना ज़रूरी हो जाता है। यह सिर्फ़ कानून के ▶▶|शेष पेज 10 पर

## नगर का मनोरम दृश्य...



मैनपुर। पैरी उदगम पहाड़ी भाठीगढ़ के ऊपर से कैमरे में लिया गया। यह तस्वीर मैनपुर क्षेत्र की बसाहट और खुबसूरती का अदभूत नजारा लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है।

## जिला स्तरीय उभयलिंगी सुरक्षा सेल का हुआ गठन

**गरियाबंद।** उभयलिंगी व्यक्ति अधिकारो का संरक्षण नियम 2020 नियम 11(5) अंतर्गत उभयलिंगी व्यक्तियों के विरूद्ध अपराधों की निगरानी एवं समस्याओं के समाधान के लिए जिला स्तरीय उभयलिंगी सुरक्षा सेल का गठन किया गया है। उभयलिंगी व्यक्ति के साथ अपराध एवं समस्याओं के समाधान के लिए डीपी ठाकुर उप संचालक, समाज कल्याण जिला गरियाबंद सदस्य व सचिव से संपर्क कर अपनी समस्या की जानकारी दे सकते है। जिसके उपरांत उनकी समस्या के समाधान के लिए जिला स्तरीय सुरक्षा सेल द्वारा सहयोग किया जायेगा।

## ग्रामीणों ने बैठक में दीपावली मनाने का लिया निर्णय

# भेण्डरी में 1 नवंबर को मनाई जाएगी दीपावली



**नवापारा-भेण्डरी।** दीपावली पर्व को लेकर संशय की स्थिति निर्मित होने के कारण भेण्डरी में ग्रामीणों ने एक बैठक किया। बैठक में श्री राधाकृष्ण मंदिर के पुजारी राकेश शुक्ला को आमंत्रित किया गया। उन्होने देवपंचाग देखकर बताया कि 1 नवंबर को लक्ष्मी पूजन का बहुत ही शुभ मुहूर्त है और यह मुहुर्त सुबह से रात्रि 10.30 बजे तक रहेगा। बताया कि 30 अक्टूबर को धनतेरस व 31 को नरकचौदस तथा 1 नवंबर दीपावली और 2 नवंबर को गोवर्धन पूजा, 3 नवंबर को भाई दूज मातर मनाया जा सकता है। बैठक में सर्वसम्मत निर्णय लिया गया जिसमें सरपंच प्रीतराम देवांगन, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष कोमल सिन्हा, ग्रामीण सचिव चुनूराम साहू, सोहन साहू, अशोक साहू, माणसमणी देवांगन, आनंद पटेल,शिव साहू सहित गांव के वरिष्ठ शामिल थे।

## दिवाली के लिए 6 दिन शेष, क्षेत्र के बजारों में रौनक नहीं

**रसेला।** क्षेत्र में दीपावली को लेकर सप्ताहिक बजारो में रौनकता गायब है। दीपावली त्यौहार को आने में सिर्फ 6 दिन शेष रहा गया है। क्षेत्र में प्रायः सभी कपडा, रेडिमेड, इलेक्ट्रॉनिक, इंटरप्राइजेस, सोना चांदी दूकान, बर्तन दुकान, मोबाइल शॉप, जूता चप्पल, मनिहारी एवं रंगोली साज सज्जा के अलावा अनाज, तेल, गुड़ के अलावा रंग रोगन के तमाम आइटम्स की दुकानों में ग्राहकों का इंतजार करते हुए व्यापारी बैठे हुए हैं। क्षेत्र में दीपावली त्यौहार के चलते सभी अपने अपने घरों की साफ-सफाई में जुटे हुए हैं। साथ ही साथ किसान लुआई और खलिहान तक पहुंचने में लगे हैं। वहीं कपड़ा दुकानों में एक दुका ग्राहक दिखाई दे रहे हैं, वहीं ज्यादातर युवाओं की पसंद रेडिमेड कपड़े के नये वेरायटी कपडा ख़रीदना पसंद करते हैं। इस समय लोगों के हाथ खाली होने से अभी खरीदारी करने में रूचि नहीं रख रहे हैं। क्षेत्र के सप्ताहिक बजारो में भीड़ नजर नहीं आ रही है। जैसे धान की कटाई शुरू हुआ था वैसे जमकर बारिश होने से किसानों के माथे पर पसीना छूट रहा है। और अभी भी पूरी तरह मौसम साफ नहीं है, आसमान में बादल छाए हुए हैं। किसान सोचे थे कि मिंजाई कर दीपावली के लिए हाथ में पैसा आ जाएगा, और दीवाली धूमधाम से मनाएंगे, मगर सारी सोच पर बारिश ने पानी फेर दिया। कुल मिलाकर संपूर्ण माहौल दीपावली त्यौहार के पहले गुलजार नहीं हुआ है।



## क्षतिग्रस्त शेड की मरम्मत जरूरी

**मैनपुर।** धान खरीदी केन्द्र शोभा के शेड के ऊपर आंधी- तूफान से पेड़ गिर जाने से शेड क्षतिग्रस्त हो गया है। अब बहुत जल्द धान खरीदी शुरू होने वाला है। इसकी मरम्मत करवाना आवश्यक हो गया है।




## पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

।। बाबा ॐ श्री शिव ।।

महादेव

# नवकार

## ज्वेलर्स

सच्चा सौदा ईमानदारी का





मानक पथप्रदर्शक
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त हॉलमार्किंग ज्वेलरी 100% वापसी के साथ

## राजिम

### इस त्योहारी पर्व की खरीदी नवकार के संग

**हमारा वादा सच्चे सौदा का**

**हमारा वादा ईमानदारी का**

### हॉलमार्किंग डिटेल

लाईसेंस नं. HM/C 5990102719
शासन द्वारा मान्यता प्राप्त हॉलमार्किंग ज्वैलरी दुकान
प्रत्येक जेवर सरकार (BIS) द्वारा
अधिकृत संस्था से प्रमाणित

**हमारा वादा होलसेल रेट का**

**365 दिन सच्चा भाव**

### नवकार गारंटी

* रेट + मजदुरी + टैक्स मिलाकर
Complete में सबसे कम
(इससे सस्ता कहीं नहीं)
* प्रत्येक जेवर BIS हॉलमार्क प्रमाणित
(इससे अच्छा कहीं नहीं)
प्रत्येक जेवर का रेट टैक्स + मजदुरी मिलाकर सबसे कम

**हमारा वादा हॉलमार्क जेवर का**

**365 दिन सच्चा सौदा**

### आग्रह

अपने परिवार, मित्र एवं प्रियजनों को यह
WHATSAPP के द्वारा SHARE जरुर करें

| राजिम | नवापारा | रायपुर |
|---|---|---|
| सुंदर लाल शर्मा चौक, बस स्टैंड | पुराना जिला सहकारी, बैंक के पास | श्याम टॉकीज रोड, बूढ़ापारा |
| 9755411000, 6269801000 | 9074100000, 6269702000 | 9329732777, 6269703000 |

**विशेषः- इसके अलावा हमारी और कोई अन्य संस्था नहीं है.**

### संबंधित प्रतिष्ठान

शांति विजय स्टोर्स
नवापारा

शांति विजय एम्पोरियम
राजिम

प्रस्तुति-श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123

## खबर संक्षेप



### बच्चों को परोसा गया पौष्टिक आहार

**फिंगेश्वर।** शासकीय प्राथमिक शाला परसदा कला भाठापारा में तेज कुमारी शिक्षिका ने अपने पुत्री मीरा दीवान के जन्म दिवस के अवसर पर न्योता भोज का आयोजन किया था। जिसमें छात्र-छात्राओं ने पौष्टिक युक्त भोजन ग्रहण किया। बच्चों ने खीर, पूरी, भजिया, पकौड़ी खाके खुश हुए तथा उपस्थित लोगों ने अपना आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर में संकुल प्राचार्य नारायण सिंह ठाकुर, समन्वयक टोकेश साहू, गिरवर यादव, संस्था के प्रधान पाठक राकेश कुमार पांडेय, मेनका धुव्र, तेज कुमारी दीवान, धनसाय पटेल आदि उपस्थित थे।

### ग्रामीणों ने दी परिवार को 10 हजार की मदद



**छुईहा बेलर।** उग्राम बारूला निवासी युवा मराखन यादव का निधन शुक्रवार को हो गया। शोकाकुल परिवार को अंतिम संस्कार के लिए ग्रामवासी बारूला अध्यक्ष ईश्वर साहू, सचीव कमलेश कुमार साहू, कोशाध्यकक्ष होली लाल साहू, भुनेश्वर साहू, इद्रमंन लाल साहू, धनीराम साहू ने अंशदान एकत्र कर 10 हजार रूपए की आर्थिक सहायता की है।

### पेंशनरों को भी राज्य कर्मचारियों के समान महंगाई भत्ता दें : मिश्रा

**राजिम।** नवदीप जन कल्याण सेवा समिति एवं राजिम विकास




मंच के अध्यक्ष अशोक मिश्रा ने राज्य कर्मचारियों के समान ही राज्य के पेंशनरों को भी दीपावली के पूर्व 50% महंगाई भत्ता देने की मांग राज्य सरकार से की है उन्होंने बताया कि अभी राज्य के कर्मचारियों को अक्टूबर माह से 50% महंगाई भत्ता जारी करने का आदेश हुआ है लेकिन राज्य के पेंशनरों को अभी 46% महंगाई भत्ता ही मिल रहा है राज्य सरकार दिवाली के पूर्व इनको भी 50% महंगाई भत्ता प्रदान करें साथ ही साथ अक्टूबर माह की पेंशन का भुगतान भी दीपावली के पूर्व करने की मांग उन्होंने की है।

## निधन

### दौवाराम यादव

**राजिम।** जिला भाजपा के उपाध्यक्ष राजिम शहर के वरिष्ठ



अधिवक्ता महेश यादव के पिता दौवाराम यादव का निधन शुक्रवार शाम 5.15 बजे हो गया। अंतिम संस्कार आज शनिवार सुबह 10 बजे होगा।

**बैठक : नशीले पदार्थों की रोकथाम के जिला स्तरीय समन्वय समिति की हुई बैठक**

# नशीले पदार्थों पर प्रभावी नियत्रंण के लिए लगातार निगरानी व कार्रवाई जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

जिले में स्वापक औषधि मनः प्रभावी पदार्थो या नशीली पदार्थो के प्रभावी नियंत्रण के लिए आज कलेक्टर सभाकक्ष में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिले के प्रभारी सचिव हिमशिखर गुप्ता वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से शामिल हुए। बैठक में कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने जिले में नशीली पदार्थो के प्रभावी नियंत्रण के लिए विभिन्न विभागों और एजेंसियों के बीच समन्वय स्थापित कर रोकथाम की कार्यवाही के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिले में सक्रियता के साथ नशीली दवाईयों के रोकथाम के लिए कार्यवाही की जा रही है। साथ ही चेकपोस्ट, बैरियरों के द्वारा सघन निगरानी कर संदिग्ध वाहनों की भी जांच की जा रही है। प्रभारी सचिव श्री गुप्ता ने कहा कि अंतर्राज्यीय बस ट्रांसपोर्ट एवं वाहनों की आवाजाही पर कड़ी नजर रखी जाए। लक्जरी वाहनों में नशीली दवाईयों की सप्लाई की भी संभावना रहती है। ऐसे सभी संदिग्ध वाहनों की बैरियर में निगरानी रखकर रेण्डम चेकिंग की जाए। प्रभारी सचिव ने नशीली पदार्थो के बारे में जागरूकता लाने एवं लोगों को इसके दुरूपयोग से दूर रहने के लिए आवश्यक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए।

■ जिले के प्रभारी सचिव हिमशिखर गुप्ता ऑनलाइन माध्यम से बैठक में हुए शामिल



### दवाईयों को नशे के रूप में दुरूपयोग

बैठक में सहायक ड्रग कन्ट्रोलर ने बताया कि नार्कोटिक्स एवं साईकोट्रॉफिक्स दवाईयां विशेष रूप से मरीजों के इलाज के लिए सीमित रूप में उपयोग की जाती है। यह दवाईयां केवल चिकित्सक के सलाह पर ही दी जाती है। इन दवाईयों को नशे के रूप में दुरूपयोग भी की जाती है। इससे लोगों को बचना चाहिए। उन्होंने बताया कि नशीली पदार्थो के रूप में उपयोग की जाने वाली दवाईयों में कोडीन फॉस्फेट कफ सिरप, डायजेपाम गोलियां, नाईट्राजेपाम टेबलेट, अल्प्राजोलम टेबलेट, ट्रॉमाडोल टेबलेट, पेंटाजोसिन इंजेक्शन, ब्यूप्रेनोर्फिन इंजेक्शन, ब्यूटोर्फिनॉल इंजेक्शन एवं डेक्सट्रोप्रोपॉक्सीफिन केप्स्युल शामिल है। उन्होंने इन दवाईयों को बिना डॉक्टर के सलाह के नहीं लेने की अपील की है।

### जिले में चलाया जा रहा नशामुक्त अभियान : कलेक्टर

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बताया कि जिले में नशा के खिलाफ लोगों को जागरूक करने विभागों के समन्वय से नशामुक्त अभियान चलाया जा रहा है। इसमें स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थी सहित स्वयं सेवी संस्थाओं को भी शामिल किया जा रहा है। इस दौरान बैठक में डीएफओ लक्ष्मण सिंह एवं वरूण जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र चन्द्राकर, सहायक ड्रग कन्ट्रोलर संजय राजपूत सहित समन्वय समिति के सदस्यगण शामिल हुए।

# किसान संघ ने विभिन्न मांगों पर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

शुक्रवार को भारतीय किसान संघ प्रदेश के आह्वान पर भारतीय किसान संघ तहसील इकाई छुरा द्वारा किसानों के विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को तहसीलदार के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें प्रमुख मांग कारीमाटी डायवर्शन पर नहर नाली निर्माण किया जाए ताकि किसानों को सिंचाई का साधन मिल सके। 1 नवम्बर से धान खरीदी किया जाए। धान का मुल्य 3217 रुपए प्रति क्विटल किया जाए। 2022-23 के पिछले सरकार के धान का चौथा किस्त बोनस को अविलंब दिया जाए। सहकारी समिति का चुनाव निर्वाचन पध्दति से किया जाए। किसान की आकस्मिक मृत्यु होने पर 10 लाखा रुपए मुआवजा राशि दिया जाए। कर्मचारी की भांति किसानों की मृत्यु होने पर सहायता राशि पेंशन 20,000 दिया जाए। धान खरीदी इलेक्ट्रानिक कांटा (तराजू) से नाप किया जाए। ग्राम रसेला के गोठिया दादर में पानी संम्पूर्ण खेत में सिंचाई नहीं हो रहा है डायवर्सन बनाए ताकि सिंचाई हो पाए। वन अधिकार के लंबित प्रकरण जल्द पुरा किया जाए। छुरा ब्लाक के अंतर्गत ग्राम सिवनी एवं ग्राम कामराज रोड़ पर रपटा बना हुआ है वहां पुलिया निर्माण किया जाए। ज्ञापन में मुख्य रूप से प्रान्त कार्यकारिणी फलेन्द्र साहू, तहसील अध्यक्ष ईश्वर यादव, तहसील उपाध्यक्ष भानु राम नेताम, जिला उपाध्यक्ष धर्मेश साहू, जिला कार्यकारिणी खूबचंद चंद्राकर, फलेंद्र साहू, जय राम, जगत, उदय राम नायक, युगल किशोर, गणेश, अमित यादव, राम सिंह, मुकंद राम साहू, एवं अन्य किसान गण उपस्थित रहे।

# अभाविप ने शैक्षणिक समस्याओं को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गोहरापदर द्वारा क्षेत्र की शैक्षणिक व जनसमस्याओं को लेकर एसडीएम मैनपुर को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें अभाविप गरियाबंद के जिला संयोजक रंजन यादव ने एसडीएम को अवगत कराते हुए बताया कि गोहरापदर के हाई स्कूल की जो मूल भवन है, जो पिछले 3 वर्षो से निर्माणाधीन है लेकिन अब निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाया है, पिछले एक वर्षो से निर्माण कार्य पूर्णतः बंद है। जिससे आसपास के गांव से पढ़ने स्कूल आने वाले 600 से अधिक विद्यार्थियों को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। वहीं हाल उरमाल के हाई स्कूल भवन की भी है,जो अब बना नहीं है। अमलीपदर तहसील में पिछले 5 वर्षो से उच्च स्तरीय पुल का निर्माण कार्य अभी तक पूरा नहीं हो पाया है,जिससे प्रतिदिन हजारों की संख्या आने जाने वाले ग्रामीण व छात्रों को काफी समस्याएं होती है। बरसात के दिनों में विशेष कर छात्र- छात्रओं व ग्रामीणों को अपनी जान हथेली पर रखकर पुल पार करना पड़ता हैं। वर्ष 2018 से संचालित शासकीय नवीन महाविद्यालय गोहरापदर को 6 साल पूरा होने के बाद भी अब तक मूल भवन नहीं मिल पाया है। जिससे महाविद्यालय में पढ़ने वाले 1200 से अधिक विद्यार्थी अपने मुलभूत सुविधा जैसे पुस्तकालय, प्रयोगशाला व खेल के मैदान, कॉमन क्लास रूम जैसी अन्य सुविधाओं से वंचित हो रहे हैं। आने वाले एक सप्ताह में इन समस्याओं समाधान नहीं होने पर अभाविप प्रदर्शन कर सड़क की लड़ाई लड़ने को बाध्य होगी। इस दौरान मुख्य रूप से मैनपुर के नगर मंत्री बिमल नेगी गोहरापदर के पूर्व नगर मंत्री क्षितिजनारायण, महाविद्यालय प्रमुख गुलशन साहू, जनजाति कार्य प्रमुख लोकेश नेगी, सोशल मीडिया प्रमुख लितेश, चंदन यादव, रूपम दास, आनंद नेताम, बरम लाल सोरी मौजूद रहे।



### कोमा में खाद्य भंडारण गोदाम निर्माण के लिए सौंपा ज्ञापन

**नवापारा-राजिम।** पूर्व पालिका अध्यक्ष व रायपुर जिला राइस मिल एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष विजय गोयल ने शुक्रवार को छत्तीसगढ़ वेयरहाउसिंग बोर्ड के प्रबंध संचालक जितेन्द्र शुक्ला से उनके कार्यालय में मुलाकात की और गरियाबंद जिला अंतर्गत राजिम तहसील क्षेत्र के ग्राम कोमा गांव में खाद्य भंडारण के लिए गोदाम निर्माण करने के लिए ज्ञापन सौंपा। गोयल ने बताया कि गरियाबंद कलेक्टर द्वारा उक्त कार्य के लिए भूमि उपलब्ध करा दिया गया है, प्रबंध संचालक श्री शुक्ला ने इस मामले पर गंभीरता दिखाते हुए आगे जल्द कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। पूर्व पालिका अध्यक्ष व राईस मिल एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष विजय गोयल ने कहा कि कोमा में खाद्य भंडारण गोदाम का निर्माण होने से इसका लाभ अंचल के राइस मिल संचालक सहित कोमा गांव व अन्य गांव के मजदूरों को लाभ मिलेगा। मजदूरों को रोजगार मिलेगा। साथ ही शासन प्रशासन को राजस्व का लाभ मिलेगा। उन्होंने इस मामले पर विभागीय अधिकारीयों को जल्द ध्यान देते हुए यहां खाद्य गोदाम निर्माण करने की मांग की।



# दस्तावेज लेखक व स्टांप वेंडरों की हड़ताल से लोगों की बढ़ी मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अभनपुर



उपपंजीयक कार्यालय अभनपुर के सामने अभनपुर के सभी दस्तावेज लेखको एवं स्टॉप वेंडरो ने अपनी विभिन्न मांगो को लेकर धरना पर बैठे है, दस्तावेज के धरने पर चले जाने से सैकड़ो आदमी के भीड़ भाड़ रहने वाला पंजीयक कार्यालय के सामने विरानियां छाई हुई है। धरनारथ दस्तावेज लेखक व स्टॉप वेंडरो ने चर्चा के दौरान बताया कि शासन द्वारा हम लोगो को ही आईडी प्रदान कर इन्ही के माध्यम से ही पंजीयन की कार्यवाही की जाये तथा दस्तावेज लेखको का मानदेय निर्धारित किया जाये एवं स्टॉप वेंडरो को 2 प्रतिशत कमीशन दिया जाये साथ ही दुर्घटना बीमा का प्रावधान,लाइसेंस का नवीनिकरण 5 वर्ष मे किया जाये,सुगम एप्प का सरलीकरण किया जाये,बैठने की उचित व्यवस्था तथा दस्तावेज लेखको एवं स्टॉप वेंडरो के खिलाफ अपराधिक प्रकरण दर्ज न किया जावे इन विभिन्न मांगो को लेकर धरना पर बैठे है तथा शासन से हमारी मांग है कि ग्रामीण अंचल मे अभी भी अधिकांश आबादी मोबाईल के पूरे सिस्टम को नही समझ पाती है इस एप्प के माध्यम से रजिस्ट्री अनिवार्य होने से ग्रामीण जनता को असुविधा होगी साथ ही खरीदी ब्रिकी मे भी कमी आयेगी इस विषय को गंभीरता से लेते हुये शासन को इस पर सुधार कर विचार करने की जरूरत है। धरने मे दस्तावेज लेखक टीकमसिंह साहू,भोजराम साहू,गजेन्द्र तिवारी, रामप्रसाद वर्मा,जितेन्द्र देवांगन, अजय साहू,किरण बंजारे,मनोज साहू, नागेन्द्र सिन्हा,दिनेश सिन्हा, मनोज साहू,रोहन सिन्हा,अपूर्व चौबे, सोहन सिन्हा, स्टॉप वेंडर बुद्धेश्वर प्रसाद सिन्हा,दीपेन्द्र कुमार साहू, वासुदेव साहू,अश्वनी तारक, हेमंत साहू, कृष्णकुमार साहू,गिरीश कुमार सिन्हा आदि शामिल रहे।

# संस्कृति महोत्सव में सशिमं कोपरा के आदित्य प्रथम व अनन्या द्वितीय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव इस बार रायपुर के सरस्वती शिशु मंदिर रोहिणीपुरम में आयोजित था। जिसमें छत्तीसगढ़ सहित, मालवप्रदेश, महाकौशल, मध्यभारत व मध्यप्रदेश के भैया बहनों ने विभिन्न विधाओं में भाग लिया। प्रतियोगिता में छग का प्रतिनिधित्व करते हुवे सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्य विद्यालय कोपरा के आदित्य गायकवाड़ कक्षा चतुर्थ ने चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया और बहन अनन्या विश्वास ने बाल वर्ग चित्रकला में द्वितीय स्थान बनाकर छत्तीसगढ प्रांत का मान बढ़ाया है। प्रतियोगिता के समापन सत्र में धरसीवां विधानसभा के विधायक मा अनुज शर्मा अभिनेता का मार्गदर्शन प्राप्त किया और विजेता भैया बहनों को पुरस्कार वितरण किए।

इस पर भैया बहनों की सफलता में विद्यालय के प्राचार्य गौरी शंकर साहू, राजेश साहू, आचार्य देवानंद, मनमोहन, हिरेंद्र, रमेश, डायमंड, चंचल, योगेश्वरी एवं समस्त नगरवासियों ने शुभकामनाएं दिए। क्षेत्र के बाद अखिल भारतीय प्रतियोगिता उज्जैन मध्य प्रदेश में सम्मिलित होंगे। यह जानकारी विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य कमलेश यादव ने दी।



### राज्यपाल पुरस्कार जांच शिविर में 77 स्काउट छात्र उत्तीर्ण

**फिंगेश्वर।** राज्य मुख्यालय द्वारा इस वर्ष राज्यपाल पुरस्कार जांच शिविर स्काउट विभाग का दिनांक 9 से 13 सितम्बर तक एवं रोवर विभाग का 24 से 28 सितम्बर, गाइड विभाग 3 से 7 अगस्त तक एवं रेंजर विभाग 30 से 30 अगस्त से 3 सितम्बर तक में स्थान राज्य प्रशिक्षण केंद्र झांकी अभनपुर जिला रायपुर में आयोजित किया गया था। उक्त सभी जांच शिविर का उत्तीर्ण सूची राज्य मुख्यालय द्वारा जारी किया गया है। राज्यमुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव के विशेष मार्गदर्शन में एवं राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देशानुसार, जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत एवं जिला सचिव रोमन साहू के मार्गदर्शन में एवं डीओसी स्काउट आशीष कुमार, डीओसी गाइड सीमा साहू के नेतृत्व में जिला गरियाबंद से स्काउट विभाग में 28 स्काउट एवं रोवर विभाग में 18 रोवर, गाइड विभाग में 18 गाइड एवं रेंजर विभाग में 13 रेंजर कुल 77 प्रतिभागी जिला गरियाबंद से राज्यपाल पुरस्कार परीक्षा में उत्तीर्ण हुवे। वे सभी स्काउट गाइड शासकी हाइस्कूल पाण्डुका, कौन्दकेरा, कन्या राजिम, फुलकर्रा, इंदगांव, रावड़, परसदाकला, ख़ुटेरी, मुरमुरा, अकलवारा, ठाकुरदलगंजन फ़िंगेश्वर, सरस्वती शिशु मंदिर राजिम के हैं। राज्यपाल पुरस्कार में जिला गरियाबंद से कुल 77 उत्तीर्ण स्काउट, गाइड, रोवर एवं रेंजर प्रतिभागी को जिला संघ अध्यक्ष संतोष उपाध्याय, जिला संघ के सभी पदाधिकारी एवं स्काउटर गाइडर ने शुभकामनाएं प्रेषित किए।उक्त जानकारी जिला मिडिया प्रभारी पूरन लाल साहू ने दी।

# विधायक ने सक्रिय सदस्यता अभियान का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अभनपुर



भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में भाजपा कार्यालय अभनपुर में विधायक इन्द्रकुमार साहू ने सक्रिय सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने विधायक श्री साहू को सक्रिय सदस्य बनाया। इस मौके पर विधायक इन्द्रकुमार ने कहा कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता बधाई के पात्र है। श्री साहू ने जानकारी देते बताया कि पार्टी संगठन के गतिविधियों का प्रथम चरण सदस्यता अभियान से ही होता है इसके बाद संगठनात्मक नियुक्तियों का सिलसिला चालू हो जाएगा। कर्मठ कार्यकर्ताओ की बदौलत विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव जीतने के बाद स्थानीय निकाय चुनावो मे भी भाजपा द्वारा अधिकृत एवं समर्थित कार्यकर्ताओ को विजयी बनाकर विकास कार्यो में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। इस दौरान किशन शर्मा, प्रवीण बजाज, प्रदीप शर्मा, दलजीत चावला, सूरजलाल साहू, संचित तिवारी, सुनील प्रसाद, वरु ण राठी, कि शोर शर्मा, शांतनु सिन्हा, दिलीप अग्रवाल, चेतना गुप्ता, बुद्धेश्वर साहू, पंचराम ओगरे, समीर यदु, विजय सिन्हा, गिरवर साहू, रामकु मार पटेल, गोयल भट्ट, सागर साहू, दया गिलहरे, तुलसीराम ढीढी, हेमन्त डहरजी, गुनी राम साहू, चपा लेदेकर व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ी परंपरा और संस्कृति से कराया अवगत

मुड़ागांव(कोरासी)। सरस्वती शिशु मंदिर अकलवारा में दीपोत्सव पर्व के अवसर पर भारतीय संस्कृति एवं छत्तीसगढ़ की परंपराओं पर आधारित हमारी संस्कृति, हमारी पहचान के उद्देश्य से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन शुक्रवार को सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में किया गया। जिसमें दिपावली की शुभारंभ तैयारी भैया, बहन व आचार्य दीदीयों के माध्यम से दीपावली पूर्व की संकेत देते हुए बच्चों को गौरी-गौरा, सुआ नृत्य, राउत नाचा व पूजा पद्धतियों के बारे में विद्यालय के संस्था प्रमुख रामाधार साहू प्रधानाचार्य, सुश्री सुनीता, भावना, रुखमणी, पार्वती, किरण वर्षा साहू, प्रिति दुबे, लगनी बाई आया, गोपीचंद पटेल राजू भैय्या उपस्थित रहे।






**उपभोक्ताओं का बिजली की खपत पर स्वयं का होगा नियंत्रण**

# रसेला में लगे 1655 स्मार्ट बिजली मीटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला



सब स्टेशन रसेला के अंतर्गत स्मार्ट विधुत मीटर लगाने की योजना ग्रामीण अंचलों में शुभारंभ हो चुका है। स्मार्ट मीटर को लेकर चल रही तमाम चर्चाओं के बीच स्मार्ट मीटर लगाने का प्रकिया रसेला टीसी में शुरू हो चुका है। घरों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने के बाद विद्युत उपभोग और बिलिंग के तरीके में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। स्मार्ट मीटर लगाए जाने का फायदा यह रहेगा कि अपने घरों में खर्च होने वाली बिजली की पल पल की रिपोर्ट मोबाइल के माध्यम से उपभोक्ता देख सकते हैं। उपभोक्ता बिजली के इस्तेमाल को लेकर इन्हीं जानकारीयो के आधार पर खपत का पूरा नियंत्रण कर सकेगा। कार्यपालन अभियंता उमेन्द सिंह दीवान ने बताया कि रसेला टीसी क्षेत्र के अंतर्गत कुल 4363 स्मार्ट सिगल पेस मीटर लगाए जाने हैं जिसमें अब तक कुल 1655 मीटर लग चुके हैं। क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाने का काम हिंदूस्तान एचईसी) कंपनी कर रही है। नए स्मार्ट मीटर निःशुल्क लगा जा रहें हैं व पुराने मीटर के जमा की हुई सिक्योरिटी की सम्पूर्ण धनराशि नए स्मार्ट मीटर में एडवांस रिचार्ज टापअप के रूप में उपभोक्ताओं को मिलेगी। उपभोक्ता स्मार्ट मीटर में बिजली के लिए मोबाइल एप से घर बैठे रिचार्ज कर सकेंगे और रिचार्ज के प्लान के मुताबिक बिजली खपत कर सकेंगे। उपभोक्ताओं को ग़लत बिजली बिल की शिकायत से छुटकारा मिलेगा और उपभोक्ताओं का बिजली की खपत पर नियंत्रण खुद का होगा। स्मार्ट मीटर से कोई छेड़छाड़ नहीं कर सकेगा, जिससे बिजली की चोरी रुकेगी और लाइन फाल्ट में भी कमी आएगी।

